# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 24 नवंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री


13 छात्रों से गुटखा, तम्बाखू, सिगरेट मंगाने वाले शिक्षकों पर ...





14 एनसीसी कैडेटों ने आतंकियों पर विजय प्राप्त करने किया ...









## खबर संक्षेप

### नवागांव में पांच दिव्यांग जोड़ों का विवाह होगा

**धमतरी।** दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति एवं छग अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति जिला धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम नवागांव (कंडेल) में 21 एवं 22 जनवरी को पांच अंतराज्यीय दिव्यांग जोड़ों का विवाह होगा। नवागांव के राम मंदिर में यह कार्यक्रम होगा। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक बसंत कुमार विश्नोई, रोहित एवं घनश्याम सिंह साहू ने दी है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका के लिए आवेदन 3 तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड के ग्राम पंचायत कोरगांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र तेन्दूभाठा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 3 दिसम्बर तक आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड ने बताया कि आवेदन सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है।

### जंगल में जुआ खेलते चार गिरफ्तार



**धमतरी।** जंगल में चल रहे जुआ फड़ में पुलिस ने दबिश देकर चार जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। नगरी पुलिस को मुखबिर ने ग्राम डोंगरडुला-भैंसामुडा मार्ग किनारे जंगल में जुआ खेले जाने की सूचना दी। पुलिस पार्टी तत्काल डोंगरडुला रवाना हुई। पुलिस ने जुआ फड़ की घेराबंदी की। इस दौरान जुआ खेल रहे परदेशीराम नेताम 40 वर्ष निवासी ग्राम कल्लेमेटा, घनश्याम सोनी 40 वर्ष, मुकेश बघेल 48 वर्ष व हेमनाथ साहू ग्राम डोंगरडुला थाना नगरी निवासी को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 650 रूपए व ताशपत्ती जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट 3/2 के तहत कार्रवाई की है।

- नगरी पुलिस की कार्रवाई

---

**ग्रामीणों का आरोप :** गोठान के मवेशियों को खुला छोड़ा जा रहा है, फसल को हो रहा नुकसान

# शहर की मुसीबत अब गांवों की ओर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर की परेशानी अब गांवों की ओर रूख कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गोठान की गायों को हरा चारा चरने के लिए खुले में छोड़ दिया जा रहा है, जो फसल को नुकसान पहुंचा रही है। शहर के मवेशी भी अर्जुनी, खपरी, तेलिनसत्ती सहित अन्य गांवों में आतंक मचा रहे हैं।

खपरी और अर्जुनी के किसान इन दिनों मवेशियों के आतंक से परेशान हैं। ये मवेशी 25-30 के झुंड में खेतों में हमला बोल रहे हैं। खासकर रात में 10 बजे के बाद मवेशियों का झुंड एक्टिव होता है। रात में किसान घर में जब आराम करते रहते हैं, तब मवेशी खेतों में हमला बोलते हैं। दिन भी कई मवेशी खेतों में घूमते रहते हैं। किसानों ने बताया कि अभी फसल कटी नहीं है, ऐसे में किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। 25-30 मवेशी एक साथ खेतों में हमला बोलते है जिससे किसान की 20-25 प्रतिशत फसल नष्ट हो जाती है।

किसान होम साहू, वेदकुमार साहू सहित अन्य किसानों का आरोप है कि शहर से पकड़े गए मवेशियों को अर्जुनी गोठान में रखा जाता है। यहां पर जिन मवेशियों को कोई छुड़ाने नहीं आता है, उसे वहां के कर्मचारी गांव की ओर खुला छोड़ देते हैं। इससे अर्जुनी, तेलिनसत्ती, खपरी सहित आसपास के गांव में आवारा मवेशियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। ये मवेशी फसल को बुरी तरह से क्षति पहुंचा रहे हैं।

#### परेशान हैं किसान

मजदूरों की किल्लत के चलते अब किसान मशीनों की ओर रूख कर रहे हैं। कटाई- मिंजाई का 90 प्रतिशत काम हार्वेस्टर से होता है। उधर एक साथ मिंजाई शुरू होने से गांवों में हार्वेस्टर की कमी हो गई है। किसान 15-20 दिन से हार्वेस्टर के लिए इधर -उधर भटक रहे हैं। परंतु हार्वेस्टर अब तक किसानों को नहीं मिला है। खेतों में अब फसल पूरी तरह से सूख चुकी है। इन फसलों पर मवेशी के चलने मात्र से धान की बालियां झड़ रही है। किसानों ने बताया कि मवेशी फसलों को खाते कम हैं, उनके रौंदने से नुकसान ज्यादा हो रहा है।



#### आवारा घूमने वाले गोठान के मवेशी नहीं

अर्जुनी गोठान में शहर से पकड़े गए मवेशियों को रखा जाता है। इन मवेशियों को खुला नहीं छोड़ा जाता है। इनके लिए गोठान में दाना पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। गोठान में चरवाहा भी है, जो मवेशियों को हरा चरा चराने बाहर ले जाता है। अर्जुनी, खपरी, तेलिनसत्ती में जो मवेशी हैं, वे वहीं के किसानों के हैं।

**- पीसी सार्वा**, *डिप्टी कमिश्नर नगर निगम*

#### शिकायत कर थक चुके किसान

किसान युवराज शर्मा, गिरधर साहू, खेमराज सिन्हा ने बताया कि खपरी, तेलिनसत्ती में मवेशियों का काफी आतंक है। कई बार ग्रामीण इसकी शिकायत अधिकारियों से कर चुके हैं। इसके बाद भी कोई राहत नहीं मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पशुपालक भी दिन में अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। रात में बाहर के मवेशी आते हैं। फसल न दिन में सुरक्षित है और न ही रात में। ऐसे में खेती करना काफी कष्टदायक हो गया है।

# फिर पकड़ा गया अवैध धान





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

इस साल अवैध धान को लेकर जिला प्रशासन का सख्त रवैया है। शुरू से लगातार कार्रवाई का दौर चल रहा है। शनिवार को भी देमार में एक व्यक्ति की दुकान से अवैध धान जब्त किया गया। उड़नदस्ता टीम ने ऐलान किया है कि उनकी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

प्रदेश में धान की कीमत काफी अच्छी है। दूसरे प्रदेश में किसानों को धान की इतनी कीमत नहीं मिलती है। ऐसे में दूसरे प्रदेश से धान लाकर खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर खपाने का खेल हर साल चलता है। जिले की कृषि उपज मंडियों में भी धान के दाम इससे काफी कम है। इस कारण किसान और बिचौलिए भी अवैध रूप से धान को समर्थन मूल्य पर खपाने के जुगाड़ में रहते हैं। इसी गड़बड़ी को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की गई है। यह टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। हाल में तरसींवा में कोचिया का धान पकड़ा गया। शनिवार को देमार में 46 कट्टा अवैध धान पकड़ा गया। ब्लाक स्तरीय उडनदस्ता दल धमतरी द्वारा जीवराखन पटेल ग्राम देमार के प्रतिष्ठान में आकस्मिक जांच की गई। जांच में 46 कट्टा (18.40 क्विंटल) अवैध धान का भण्डारण पाये जाने पर उनके विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर अवैध धान जब्त किया गया है।

# शराब की अवैध बिक्री करते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



- अर्जुनी व बिरेझर पुलिस की कार्रवाई

अलग अलग स्थानों में अवैध रूप से शराब बेचने वाले दो युवकों को अर्जुनी व बिरेझर पुलिस ने गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस को मुखबिर से अर्जुनी मोड़ के आगे एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री करने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। यहां रेखराम निर्मलकर उम्र 30 वर्ष ग्राम पुरी थाना अर्जुनी निवासी को अवैध रूप से शराब की बिक्री करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी शराब कीमत 22 रुपए जप्त की गई है। इसी तरह बिरेझर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिर्री में दबिश देकर गांव के लीलाराम तारक 36 वर्ष के कब्जे से 16 पौवा देशी शराब कीमत 1760 रुपए व बिक्री रकम 520 रुपए कुल 2280 रुपए जप्त की है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



# दो माह बाद भी निविदाकारों को नहीं मिला वर्क आर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- ठेकेदारों को कार्य करने में हो रही परेशानी

जिला अस्पताल में हुए टेण्डर का दो माह बीत जाने के बाद भी वर्क आर्डर नहीं मिलने से निविदाकारों को कार्य करने में परेशानी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय में विभिन्न सेवाओं के संचालन के लिए जीवनदीप समिति से प्रत्येक वर्ष टेण्डर जारी होता है, जिसमें सफाई, साइकिल स्टैण्ड, सिक्युरिटी व भोजनशाला शामिल है। वर्ष 2024 के अगस्त माह में उक्त कार्यों के लिए टेण्डर जारी हुआ था, जिसमें कुछ बिन्दुओं पर आपत्ति होने पर 5 सितंबर को रिटेण्डर जारी किया गया था। 18 सितंबर को सफाई व भोजनशाला का टेण्डर खोला गया, जिसमें भोजनशाला का टेण्डर प्रकाश केटरिंग को मिला। 20 सितंबर को सिक्युरिटी व साइकिल स्टैण्ड का टेण्डर खोला गया, जिसमें सफाई का ठेका अशोक जाधव हाउस कीपिंग सिक्युरिटी एजेंसी को मिला है। वहीं सिक्युरिटी की निविदा रायपुर के कामधीन सिक्युरिटी एजेंसी के नाम खुली है। साइकिल स्टैण्ड के लिए दो से अधिक निविदा नहीं आने के कारण उसे निरस्त कर दिया गया। टेण्डर खुलने के दो माह बीत जाने के बाद ठेकेदार को कार्यादेश जारी नहीं हुआ है, जिसके कारण उक्त कार्य पुराने ढर्रे पर चल रहा है जिसके कारण ठेकेदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिना कार्यादेश के ठेकेदार कार्य नहीं कर पा रहे हैं। बताया गया है कि टेण्डर की पूरी फाइल कलेक्ट्रेट में अटकी हुई है। निविदाकारों को कार्यादेश का इंतजार है। इस संबंध में अस्पताल सलाहकार ने मीडिया को बताया कि टेण्डर की फाइल कलेक्टर आफिस भेजी गई है। जो भी आदेश प्राप्त होगा, उसके अनुसार कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा।




# प्लेसमेंट कर्मचारियों ने नगाड़ा बजाकर शासन-प्रशासन को जगाया

- संघ के जिलाध्यक्ष अविनाश मारोठे को कार्यमुक्त करने का पत्र मिला
- सभी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के पांचवें दिन गांधी मैदान में ढोल नगाढ़ा बजाकर शासन- प्रशासन को जगाने का प्रयास किया। इस बीच सभी कर्मचारियों को नोटिस जारी करने एवं जिलाध्यक्ष को कार्यमुक्त करने संबंधी पत्र मिलने से हड़ताली कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। संघ के जिलाध्यक्ष अविनाश मारोठे ने कहा कि नोटिस जारी करने एवं उन्हें कार्यमुक्त करने का पत्र मिला है, लेकिन हड़ताल समाप्त नहीं होगी। मांगे पूरी होने तक हड़ताल समाप्त नहीं होगी। सभी कर्मचारी अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। किसी को भी काम से नहीं निकाला जा सकता।

विदित हो कि 19 नवंबर से प्रदेश के सभी प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग सहित स्थाई नौकरी, समय पर वेतन आदि मांगे हैं जिसे लेकर वे आंदोलन में डटे हुए हैं। शुक्रवार को शहर में रैली निकालकर आक्रोश जताया गया। शनिवार को ढोल नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने जमकर नारे लगाए। इधर प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से नगर की नियमित सेवाएं बाधित हैं। लोगों को पानी, बिजली, सफाई आदि कार्य के लिए तरसना पड़ रहा है। निगम दफ्तर में सन्नाटा पसरा हुआ है।



# सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- बाईपास के पास हुआ हादसा

दुकान से घर लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाईपास के पास ठोकर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम तरसींवा निवासी मुकेश नेताम पिता कुभकरण उम्र 24 वर्ष पेशे से वेल्डर है। युवक ग्राम अर्जुनी के गंगा मैया वेल्डिंग दुकान में काम करता है। रोजाना की तरह युवक शुक्रवार को भी काम करने दुकान गया था। जहां से रात्रि में अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एप 8474 में अपने घर तरसींवा जा रहा था। इसी दौरान धमतरी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। वाहन की ठोकर से युवक बाइक सहित दूर फेंका गया। इस घटना में युवक के सिर, गर्दन, कमर, पैर व शरीर के अन्य जगह पर गंभीर चोट आई है। सूचना पर संजीवनी 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सड़क पर पड़े घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद चालक वाहन को घटनास्थल पर छोड़ भाग गया है।





**अनेक श्रमिक आज भी योजनाओं से वंचित**

# श्रम विभाग ने सालभर में हजारों श्रमिकों को बांटे 15 करोड़ रूपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्रम विभाग ने 1 जनवरी से 20 नवंबर 2024 तक 67 हजार से अधिक श्रमिकों को विभिन्न योजना के तहत करीब 15 करोड़ की राशि से लाभान्वित किया गया। इधर कई श्रमिकों की योजना का लाभ नहीं मिल पाने की शिकायत है।

श्रम पदाधिकारी श्री साहू ने बताया कि जिले में भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार तथा असंगठित कर्मकार की संख्या लगभग 2.25 लाख है। 1 जनवरी से 20 नवंबर तक भवन एवं निर्माण कर्मकार के तहत 23114 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। मुख्यमंत्री मिनीमाता महतारी जतन योजना में 1702 श्रमिकों को 340 लाख, नौनिहाल छात्रवृत्ति में 22038 श्रमिकों को 398.665 लाख, नोनी सशक्तिकरण योजना में 1909 श्रमिकों को 381.80 लाख, निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 66 श्रमिकों को 66 लाख रूपए, श्रमिक सियान सहायता योजना में 114 श्रमिकों को 22.80 लाख, मेधावी सहायता योजना में 344 श्रमिकों को 2136.362 लाख, गणवेश सहायता योजना में 10567 श्रमिकों के बच्चों को 135.34 लाख रूपए से लाभान्वित किया गया है। इस योजनाओं में 59854 श्रमिकों को 13 करोड़ 66 लाख 36862 रूपए का लाभ दिया गया है।

असंगठित कर्मकार मंडल में इस साल 5481 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। असंगठित कर्मकार की प्रसुति सहायता योजना में 727 श्रमिकों को 36 लाख रुपए, छात्रवृत्ति योजना में 1391 श्रमिकों को 19.54 लाख, असंगठित श्रमिक मृत्यु सहायता योजना में 70 श्रमिकों के आश्रित को 70 लाख रुपए का लाभ दिया गया है।



#### जो खर्च करता है उनको मिलता है लाभ

छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल की श्रमिक सविता सपहा बताती हैं कि वह रिसाईपारा पश्चिम वार्ड की निवासी हैं। करीब दो साल पहले असंगठित कर्मकार प्रसुति सहायता योजना के तहत आवेदन किया था। दो साल में उनका आवेदन तीन बार रिजेक्ट हो गया है। कभी जन्म प्रमाण-पत्र को अस्पष्ट बताया जाता है तो कभी और कोई कारण बताकर निरस्त कर दिया जाता है। आगे कहा कि विभाग में उसी श्रमिक को योजना का लाभ मिलता है जो पैसा खर्च कर सकता है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**मो. 9826114710, 9993322768 9098324969**

**खबर संक्षेप**

### बाल मेला में बच्चों ने लगाए स्टॉल

**बगदेही(धमतरी)।** महाश्वेता उमावि थूहा में बाल मेला का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा गुपचुप, दबेली, आलूचाप, समोसा, पोहा, मैगी समेत अनेक व्यंजन बनाए गए। बाल मेला में प्रिंसिपल एमके साहू समेत टीचर स्टाफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

**निधन**

### मानकलाल नाहर



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा निवासी मानकलाल नाहर का आकस्मिक निधन 21 नवम्बर गुरुवार को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे कांग्रेस नेता जिला उपाध्यक्ष व पूर्व नपं अध्यक्ष भरत नाहर के पिता थे। उनकी अंत्येष्टि गृहग्राम के शांतिघाट में हुई। अंत्येष्टि में नेमीचंद, चांदमल, दीपचंद, जितेंद्र, अशोक, ओमप्रकाश, मनीष, भीखम, पुखराज, मंगलचंद, मोहनलाल, हुकुमचंद, किशोर, मनोज, हर्ष, नमन, तन्मय, मौलिक, चिराग, राजवीर, हितांश, सुनील, राहुल सहित अन्य शामिल हुए।


मुख्यमंत्री ने समाजसेवी व चित्रकार बसंत को हेलन केलर अवार्ड मिलने पर हर्ष जताया

# आपके इस जज्बे व उपलब्धि से हम गौरवान्वित हैं : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

आत्मविश्वास से परिपूर्ण और अनेक बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत का कार्य कर रहे धमतरी जिले के कुरूद निवासी दिव्यांग समाजसेवी और चित्रकार बसंत साहू को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें उनके जन्मदिन पर हेलन केलर अवार्ड 2024 से सम्मानित होने पर शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बसंत साहू को जन्मदिन और सम्मान के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपको हेलेन केलर अवार्ड 2024 प्राप्त होने की सूचना समाचार के माध्यम से मिली। आपकी इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई। आत्मीयतापूर्ण चर्चा के दौरान बसंत साहू से कहा कि जल जगार कार्यक्रम में आपसे मुलाकात हुई थी। हमें आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा था। आपने साबित किया है कि कठिनाइयां केवल मानसिक चुनौतियां हैं। दृढ़ संकल्प से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आपके इस जज्बे व उपलब्धि से हम गौरवान्वित है।





**बसंत की चित्रकारी देश-विदेश के महत्वपूर्ण स्थानों पर है**

उल्लेखनीय है कि समाजसेवी बसंत साहू को उनके द्वारा दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा और समाज में समान अवसर दिलाने के लिए किए गए अद्वितीय कार्यों के लिए हेलन केलर अवार्ड प्रदान किया गया है। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक कला, परंपराओं और सामाजिक मुद्दों को जीवंत रखा है। उनके चित्रों में छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, पारंपरिक परिधान और समाज की समकालीन समस्याओं का समावेश है। बसंत के बनाए चित्रों का संग्रह देश विदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर है। भारत में राष्ट्रपति भवन, राजभवन, दिल्ली संग्रहालय तथा यूएसए, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया सहित कई देश शामिल हैं। उनकी कला ने उन्हें न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश और विदेश में भी सम्मान दिलाया है।

**सफलता की राह में दिव्यांगता को रुकावट नहीं बनने दिया**

बसंत साहू ने दिव्यांगता को कभी अपनी सफलता की राह में रुकावट नहीं बनने दिया। बसंत साहू का मानना है कि कठिनाइयां केवल मानसिक चुनौतियां होती हैं। यदि मन में दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी बाधा व्यक्ति को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने से नहीं रोक सकती। बसंत साहू का जीवन केवल एक व्यक्तिगत संघर्ष की कहानी नहीं है बल्कि यह उन सभी के लिए प्रेरणा है जो जीवन की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। बसंत साहू ने कहा कि मेरा उद्देश्य समाज में समावेशिता और समानता लाना है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय के उत्साहवर्धन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि वे इसी प्रकार आने वाले भविष्य और बच्चों के लिए एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान देते रहेंगे।

# निर्धारित मापदंड से 40 प्रतिशत कम हो रही धान की खरीदी



■ भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष ने विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

धमतरी जिले की विभिन्न सोसाइटियों में किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। प्रत्येक समिति को प्रतिदिन धान खरीदी की निर्धारित मात्रा तय की गई है, उसके अनुसार धान खरीदी नहीं हो रही है। पूछने पर कारण अलग-अलग बताया जाता है।

कुरुद एवं मगरलोड ब्लाक के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का मुआयना कर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष लाला राम चंद्राकर ने बताया कि ऑनलाइन टोकन, सर्वर डाउन, सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी, समिति के प्रबंधकों को ऑफलाइन टोकन काटने का अधिकार नहीं है। यह जिला प्रशासन एवं खाद्य विभाग की व्यवस्था में कमी के कारण हो रहा है। प्रतिदिन कम धान खरीदी होने से आने वाले समय में पूरे किसानों का धान किसी भी हालत में नहीं बिक पाएगा। जब मापदंड तय किया है तो आफलाइन में भी प्रतिदिन के शॉर्टेज को निर्धारित मापदंड के आधार पर खरीदने का अधिकार सोसाइटियों को दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि आज की स्थिति में प्रत्येक समिति ने निर्धारित मापदंड से 30 से 40 फीसदी तक विकास 6 दिनों में कम खरीदी की है। यह किसानों के लिए चिंता का विषय है। श्री चंद्राकर ने जिला प्रशासन से उक्त व्यवस्था को ठीक करने की मांग की है।

## जनपद अध्यक्ष ने पानी टैंकर उपलब्ध कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत मुनईकेरा के ग्रामीणों की मांग पर जनपद पंचायत अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने जनपद निधि से ग्रामवासियों को पानी टैंकर की व्यवस्था उपलब्ध कराई है।

ग्राम दिनकरपुर में ग्राम सभा के दौरान उन्होंने पानी टैंकर का लोकार्पण किया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामवासियों से पानी टैंकर का सदुपयोग करने का आग्रह किया।

मौके पर सरपंच महेन्द्र नेताम, समाज प्रमुख मयाराम नागवंशी, ग्राम सभा अध्यक्ष दशरथ नेताम, प्रेमलाल, रामेश्वरी, सोनिया, सचिव बुधराम नेताम, शिक्षक गोकुलराम ध्रुव, महेश कोसरे, राधेश्याम, सुखमन राजेश समेत अनेक ग्रामवासियों ने जनपद अध्यक्ष का आभार माना।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने शिविर में किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम राजपुर में यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता थीम पर संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस की शुरुआत प्रभातफेरी से की गई। दयाराम साहू व्याख्याता ने कपालभाति, भ्रामरी, शेर गर्जना एवं विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास कराया एवं योग का महत्व बताया।

बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि पीतांबर सिन्हा, कार्यक्रम अधिकारी शासकीय महाविद्यालय कंडेल ने स्वयंसेवकों को माय भारत के लिए युवा तथा डिजिटल साक्षरता के महत्व को प्रतिपादित करते हुए आगे बढ़ने एवं व्यक्तित्व विकास के लिए एक लक्ष्य बनाकर संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया ताकि प्रत्येक विपरीत परिस्थिति का आसानी से सामना करते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सके। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान से संबंधित प्रहसन तथा लोक पारंपरिक सुआ नृत्य, जनजाति नृत्य प्रस्तुत किए। मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमा चंद्राकर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशोदा साहू, निरूपा साहू, डॉ. सुशीला साहू, नीरज साहू, दीपक कश्यप, योगेश साहू, नेहा चंद्राकर समेत स्वयंसेवक खूबचंद साहू, कुलेश्वर सिन्हा उपस्थित थे।





## छात्रों को बताया स्वच्छता का महत्व



■ रामपुर स्कूल में विश्व शौचालय दिवस एवं स्वच्छता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭बोरसी(धमतरी)

शाउमावि रामपुर में विश्व शौचालय दिवस एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छता प्रभारी लोकेश्वरी सोन एवं संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में हाथ धुलाई, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, रैली, स्वच्छता स्लोगन, ग्रीटिंग कार्ड, पोस्टर बैनर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें स्कूल के चारों हाऊस के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता का महत्व बताया।

मौके पर केआरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस. अग्रवाल, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# खेलकूद से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है : प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

■ चटौद में बाल मेला का हुआ आयोजन

शासकीय हाईस्कूल चटौद प्रांगण में बाल मड़ई मेला का आयोजन किया गया। बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। उमंग, आनन्द के साथ अपने रचनात्मक एवं सृजनात्मक तरीके से सीखने का उत्सव मनाया। खेलकूद भी हुए। विभिन्न दुकानों के स्टाल लगाकर बच्चों ने समुदाय को शाला से जोड़ने का प्रयास किया।

कार्यक्रम की अतिथि सहायक विखं शिक्षाधिकारी प्रतिभा ध्रुव ने कहा कि खेलकूद व व्यायाम से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। रचनात्मक एवं सृजनात्मक गुणों का भी विकास होता है। मौके पर बीआरसी कुलेश्वर सिन्हा, प्राचार्य एचआर मरकाम, सरपंच लीला साहू, अध्यक्ष खेमचंद साहू, सांसद प्रतिनिधि बिसेलाल साहू, शिक्षाविद गैन्दूराम ध्रुव, डोमार साहू, गुलाब साहू, हरीश सोनबेर, टिकेश्वर साहू, प्रधानपाठक लेखनी साहू, सुषमा चन्द्राकर, यशोदा गिलहरे, दयानन्द वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, समन्वयक रमेश चन्द्राकर थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सन्तोष कंवर व आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्री मरकाम ने किया।





### आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**मगरलोड।** कार्तिक माह में आंवला वृक्ष की पूजा का विधान है। दुर्गा पारा सोनपैरी में बालिकाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। रात्रि में बालिकाओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसका ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में खुमेश, ममता, कंचन, हेमा, डिम्पल, दुर्गेश्वरी, कुसुम, रीना, भूमिका, दीपिका, विद्या, कविता, मोना, उमा, भावना, तारनी, चेतना, रानू, लता, यसोमती, खुमेश, रोशनी का सहयोग रहा।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

# किसी ने बड़ा, समोसा, भजिया बेचा तो किसी ने गुपचुप

■ बाल मेला में जीजामगांव स्कूल के छात्रों ने लगाए मनपसंद व्यंजनों के स्टाल

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

शाउमावि जीजामगांव में आनंद बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र छात्राओं ने कक्षा अनुसार विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाकर बाल मेला में अपनी सहभागिता प्रदान की। किसी ने होटल खोलकर बड़ा समोसा भजिया बेचा तो किसी ने गुपचुप के स्टाल लगाए। किसी ने एक गेंद से गिलास के मीनार को तोड़ने और रिंग से अपनी मनपसंद चीज पर निशाना लगाने का स्टाल लगाया था। कार्यक्रम का शुभारम्भ शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शुभमदास बघेल ने किया।



मौके पर शाला विकास समिति के सदस्य जीवराखान चंद्राकर, पीएन नेताम, युवलाल चेलक, अरुण साहू, भोजराज सोन, पूर्व अध्यक्ष मोहित साहू, पूर्व सदस्य संतराम साहू, हरिराम साहू, रोहित साहू, बंशीलाल पटेल, श्रीराम साहू, श्यामलाल साहू सरपंच प्रतिनिधि, कृपाराम महिलांगे, पंचायत सचिव कुणाल देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्राचार्य केपी साहू, उपप्राचार्य कंचन कुर्रे समेत शिक्षक स्टॉफ का भरपूर सहयोग रहा।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट · कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) · स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर · भिलाई · बिलासपुर · रायपुर · जगदलपुर · कोरबा
47 years of trust | 130+ Experience Centres Pan India
Google Rating · PHILIPS Authorized dealer · PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे · सोरायसिस · स्किन एलर्जी · पिगमेंटेशन · विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा · पीआरपी थेरेपी · एलोपेसिया · अर्टीकेरिया · फंगल इनफेक्शन · टेली कंसलटेशन · लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए देंगे योगदान

# 52 स्कूलों के लिए सांसद प्रतिनिधियों का मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद विकासखंड स्थित 52 शासकीय हाईस्कूलों और हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए सांसद प्रतिनिधियों का मनोनयन सांसद रूपकुमारी चौधरी की अनुशंसा पर किया गया है, जिनका दायित्व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति में कार्य करना होगा। यह नियुक्ति स्कूलों में बेहतर शैक्षिक वातावरण और छात्रों के विकास में योगदान देने के लिए की गई है।

सांसद श्रीमती चौधरी ने इस कार्य के लिए ईमानदारी से दायित्व निभाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है और शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त योगदान देने की इच्छा जाहिर की है।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. एके मिश्रा ने बताया कि सांसद प्रतिनिधि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति में शामिल होकर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए योगदान देंगे। शासकीय हाईस्कूलों के लिए मनोनीत सासंद प्रतिनिधियों में भुसरेंगा स्कूल में नंदनी पटेल, कोलियारी पद्मन साहू, चटौद मिसेलाल साहू, अछोटी जोहतूराम साहू, जोरातराई (सि) हेमलाल साहू, सेलदीप अरूण निषाद, कोण्डापार रामालाल साहू, तर्रागोंदी भानुराम साहू, फुसेरा शेषनारायण साहू, भैंसमुण्डी दिलीप साहू, सिलघट भोलाराम साहू, सिलीडीह योगेश्वर सेन, भैंसबोड़ संतोष साहू बनाए गए। हायर सेकेण्डरी स्कूल में कन्हारपुरी हिमांचल साहू, गातापार लखनलाल साहू, सिवनीकला सुशील साहू, कमल शर्मा कुरूद बालक, कन्या स्कूल कुरूद हितेन्द्र नंद, नारी हिरामन चक्रधारी, संकरी पवन साहू, गुदगुदा दुमेन्द्र साहू, रामपुर भैयाराम साहू, दर्रा प्रेमलाल साहू, भखारा संतोष साहू, कोसमर्रा मणीराम साहू, भेण्डरा परमानंद साहू, अटंग ताजेन्द्र चंद्रकार, चर्रा राजेश साहू, सिंधौरीकला प्रीति साहू, कठौली डोमार साहू, जीजामगांव होरीलाल साहू, दरबा कौशलेश आडिल, मड़ेली प्रदीप बैस, बगदेही हरिशचन्द्र साहू, सिलौटी रामचन्द्र राव, करगा नूतन पटेल, मरौद बुधारूराम साहू, थुहा नरोत्तम साहू, परखंदा तेजराम साहू, अंवरी रजीत जांगड़े, कचना चन्द्रकुमार चक्रधारी, बगौद भोजराम साहू, दहदहा सुनील चन्द्राकर, चरमुड़िया आशीष पटेल, मंदरौद कमलेश साहू, पचपेड़ी गुलजार राम साहू, कातलबोड़ परशुराम निर्मलकर, कोर्रा टुकेश्वर साहू, जोरातराई (अ) मनहरण पाल, सेमरा (बी) चुन्नीलाल साहू, सिर्री हेमंत साहू, भाठागांव ओमप्रकाश साहू शामिल हैं।

महासमुंद सांसद रूपकुमारी और कांकेर सांसद भोजराज ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की

# छात्रों से गुटखा, तम्बाखू, सिगरेट मंगाने वाले शिक्षकों पर करें सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी और कांकेर सांसद भोजराज नाग ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली। सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि केन्द्र की लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई है। लंबित कार्य निर्धारित समयावधि में करने की जरूरत है। जरूरतमंदों के हित में सभी आपसी समन्वय से कार्य करें। सांसद भोजराज नाग ने केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर लाभान्वित करने कहा। बैठक में विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम, विधायक प्रतिनिधि कुरूद गौकरण साहू, पूर्व विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू, जिपं अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, जपं अध्यक्ष नगरी श्रीमती दिनेश्वरी नेताम, नपं मगरलोड अध्यक्ष श्रीमती नीतू साहू, नपं अध्यक्ष नगरी श्रीमती आराधना शुक्ला, कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव, वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कुल 7864 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिले में कुल 1 लाख 60 हजार 169 जॉब कार्डधारी परिवार हैं। इनमें 4 लाख 6 हजार 441 श्रमिक हैं और कुल 31 लाख 79 हजार 594 मानव दिवस सृजित किया गया है। इसी तरह वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 81 आंगनबाड़ियों में से 78 आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य प्रगतिरत हैं। सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि शौचालयों में साफ-सफाई और पानी की व्यवस्था हो यह सुनिश्चित करें। किसानों को धान उपार्जन केन्द्रों में किसी तरह की परेशानी न हो। जिले में बारिश अथवा अन्य कारणों से जितने भी सड़क खराब हो गए हैं, उन सभी सड़कों को समय-सीमा में मरम्मत कराने के निर्देश दिए। सांसद भोजराज नाग ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

सांसद द्वय ने जिले में चल रहे फसल चक्र परिवर्तन कार्यक्रमों को सराहा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने बताया कि रबी में धान के बदले दलहन, तिलहन लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दलहन, तिलहन की फसल लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग स्वेच्छा से आगे आ रहे हैं।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद द्वय ने कहा कि ऐसे शिक्षक जो विद्यार्थियों से गुटखा, पाउच, तम्बाखू, सिगरेट दुकानों से मंगाते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। जिले में शिक्षकों की उपलब्धता और कमियों की जानकारी ली तथा जिले में संचालित हो रहे स्मार्ट क्लासेस से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी के मद्देनजर जहां हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्मार्ट क्लासेस की व्यवस्था है, वहां बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो, इसके लिए ऑनलाईन क्लासेस की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। जिले में रेत खदान एवं भण्डारण की जानकारी ली। अवैध रेत खनन, परिवहन, भण्डारण पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# एमपीएल का खिताब इंडियंस ने जीता



■ मड़ेली स्कूल में बैगलेस दिवस पर हुई क्रिकेट प्रतियोगिता


हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

शासकीय बालक माध्यमिक शाला मड़ेली में 23 नवंबर बैगलेस दिवस पर मड़ेली प्रीमियर लीग पर क्रिकेट का आयोजन किया गया। इसमें शाला के बच्चों द्वारा 6 टीम बनाई गई। हटरी सुपर किंग के कप्तान यमन कुमार, बाजार कैपिटल गुलशन कुमार, आजाद सुपर जॉइंट्स पिलेश कुमार, अटल इंडियंस परमेश्वर साहू, शास्त्री टाइटंस तेजेश्वर कुमार, बजरंग रॉयल्स जवेंद्र कुमार चुने गए। मैच का उद्घाटन शाला विकास समिति के अध्यक्ष मकसूदन साहू एवं बालक माध्यमिक शाला एवं बालिका माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक सुरेश बंधेल तथा जीवन भरतद्वाज ने किया। एसएमसी अध्यक्ष मकसूदन साहू नेजीवन में खेल के महत्व को बताया। ग्रुप ए और ग्रुप बी बनाकर मैच संपन्न कराया।

प्रथम स्थान अटल इंडियंस कप्तान परमेश्वर साहू, द्वितीय स्थान शास्त्री टाइटंस कप्तान तेजेश्वर साहू प्राप्त किया। मैच के निर्णायक शिक्षक अनिरुद्ध साहू, मुकेश नेताम एवं कुलेश्वर प्रसाद देवांगन थे। मैच का आंखों देखा हाल शिक्षक डिकेश्वर साहू ने बताया। स्कोरर शिक्षक मंत्री गाडगे थे। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को शिक्षिका होमलता साहू ने मैडल दिया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रधानपाठक विद्या साहू एवं शिक्षक संतोष साहू का रहा।

# अंवरी स्कूल की हिमांशी व डागेश्वरी बनी शेडो ऑफिसर





हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

शाउमावि अंवरी से दो छात्रा डागेश्वरी साहू कला संकाय 12वीं व हिमांशी साहू विज्ञान 12वीं से एक दिन के लिए शेडो ऑफिसर बनी। हिमांशी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा व डागेश्वरी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में अधिकारी की भूमिका में रही व उनके कार्यों से रूबरू हुई।

यांत्रिकी विभाग में उपस्थिति देते ही शेडो ऑफिसर का सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने सम्मान किया। आरके शुक्ला कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग व आरएन राठौर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अधिकारी ने कार्य व जिम्मेदारी के बारे में शेडो ऑफिसर को जानकारी दी। तकनीकी कार्य से अवगत कराते स्थल व लैब का भ्रमण कराया व लैब में सैम्पल जांच परीक्षण कर दिखाया। छात्राओं के वापस आने पर एक दिन के शेडो ऑफिसरों का प्राचार्य पीएन साहू, वरिष्ठ व्याख्या नंदिनी सिन्हा ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। शेडो ऑफिसर ने कलेक्टर की इस पहल पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस पहल को जारी रखने की बात कही। सभी छात्र-छात्राओं को अपने अनुभव शेयर किये । छात्रों को अधिकारी के कार्यों के बारे में जानकारी दी। इससे छात्रों में जानने की जिज्ञासा रही।

# स्वयंसेवकों ने निकाली प्रभातफेरी स्वच्छता अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉक्टर प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता थीम पर विशेष शिविर का आयोजन ग्राम राजपुर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरि विनायक सिन्हा जनपद सदस्य, प्रीतबाई कंवर सरपंच, नरेश अग्रवाल अध्यक्ष जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय, विजय यदु सदस्य जनभागीदारी समिति एवं पुरुषोत्तम सिन्हा ने किया। शिविर में 70 स्वयं सेवक शामिल हैं।

द्वितीय दिवस स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी के माध्यम से विभिन्न जागरूकता अभियान चलाया गया। गांव के बाजार चौक, शीतला मंदिर प्रांगण, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला राजपुर में परियोजना कार्य के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया। बौद्धिक परिचर्चा में हेमलाल यादव पंचायत सचिव ने स्वयंसेवकों को पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमा चंद्राकर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशीला साहू, सहायक प्राध्यापक निरूपा साहू, योगेश साहू, डॉ विनोद कुमार समेत अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# निकाय क्षेत्र में मलेरिया दवाई एवं फॉगिंग अभियान





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम ने शहरवासियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए निकाय क्षेत्र में मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत नालियों में मलेरिया की दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है और पूरे शहर में फॉगिंग की जा रही है।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी प्रकृति जगताप ने बताया कि बदलते मौसम के कारण मच्छरों के प्रजनन का खतरा बढ़ जाता है, जिससे मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए निगम ने सफाई और दवा छिड़काव अभियान शुरू किया है। इसके तहत शहर की मुख्य सड़कों, आवासीय क्षेत्रों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष फॉगिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों द्वारा शहर की नालियों में मलेरिया की दवाइयों का नियमित रूप से छिड़काव किया जा रहा है। फॉगिंग अभियान के तहत धुआं छोड़ने वाली मशीनों से पूरे शहर में फॉगिंग की जा रही है।

नगर निगम न केवल सफाई और फॉगिंग कर रहा है, बल्कि नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने और मलेरिया से बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक कर रहा है। निगम ने लोगों को सुझाव दिया है कि वे अपने घरों में मच्छरदानी का उपयोग करें। खिड़कियों पर जाली लगाएं और मच्छर भगाने वाले उपाय अपनाएं।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा रमेश लाल जैन पिता भंवर लाल जैन जाति जैन निवासी सुंदरगंज वार्ड धमतरी तह. वो जिला धमतरी की भूमि धमतरी सुंदरगंज वार्ड (शास्त्री चौक से सिहावा चौक के बीच में राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी हुई है) तह. वो जिला में स्थित भूमि का परिवर्तित शीट नंबर 08 भू.क्र. 72/1 क्षेत्रफल 897 वर्गफुट एवं शीट नंबर 08 भू.खं. 73/2 क्षेत्रफल 107 वर्गफुट परि. लगान 11.50 रू. एवं नजूल शीट नंबर 30 डी भू.खं. 1/3 क्षेत्रफल 94 वर्गमीटर/1011 वर्गफुट भू-भाटक 515.98 रू. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा विक्रेता को बयाना राशि अदा कर दिया है शेष राशि प्रदान कर पंजीयन किया जाना है ।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ निकाय/ निगम/ बैंक/ विभाग आदि को उक्त सौदे को लेकर किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी प्रकार का हक दावा रखता हो तो प्रकाशन दिनांक से 15 दिन के अन्दर मेरे निम्न वर्णित पते पर समय पर उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगा तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध माना जावेगा। अतः यह आम सूचना सद्भावनापूर्वक प्रकाशित कराई गई है।

दिनांक : 23.11.2024

**श्रीमती रूखमणी अधिवक्ता**
**तहसील कार्यालय धमतरी**
**मो.नं. : 6261486265 / 9111873054**



## खबर संक्षेप

### रोड किनारे झाड़ी की कटाई-छंटाई करने की अनुमति मांगी



**धमतरी।** ग्राम भटगांव के पूर्व सरपंच मोहित देवांगन ने कलेक्टर को आवेदन देकर मांग की है कि गोकुलपुर से ग्राम भटगांव तक रोड किनारे झाड़ की कटाई, छंटाई करने की अनुमति दी जाए। श्री देवांगन ने दिए आवेदन में कहा कि गोकुलपुर से ग्राम भटगांव तक मार्ग में छोटी-छोटी झाड़ियां उगी है जो रोड तक पहुंच गई है। इससे आवागमन करने वालों को परेशानी हो रही है। खासकर टर्निंग मार्ग के सामने का हिस्सा झाड़ियों के कारण स्पष्ट दिखाई नहीं देता जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। झाड़ियों की कटाई छंटाई करने से रास्ता साफ हो जाएगा।

### स्काउट-गाइड की टीम ट्रैकिंग शिविर के लिए हरियाणा गई

**कांकेर।** भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के द्वारा 25 से 30 नवंबर तक गदपुरी (हरियाणा) में राज्य स्तरीय ट्रैकिंग आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन किया गया है। जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के 8 स्काउट और 8 गाइड छात्र-छात्राएं के साथ 2 प्रभारी भाग ले रहे हैं। शिविर में भाग लेने वालों में जागृति कोर्राम,पहली ओसारे, दिव्या कोसमा, लक्ष्मण राम, अमृता पटेल, रिकेश्वर ध्रुव, खुशी दरदाई, आयुष सिंह, गरिमा देहरी, दीपेंद्र टांडिया, दामिनी सिन्हा, प्रेरणा शार्दुल, भावना नेताम, राजीव कुमार शोरी, हिना ठाकुर, हर्ष कुलदीप एवं दल प्रभारी ममता तारम, प्रदीप साहू भाग लेने रवाना हुए।

### घायल ने अस्पताल में तोड़ा दम, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर निवासी 59 वर्षीय साधना चक्रवर्ती का ईलाज के दौरान रायपुर के वीवाय अस्पताल में ईलाज के दौरान 16 जुलाई को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। थाना रायपुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी भानुप्रतापपुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** कोतवाली थानांतर्गत मललडबरी निवासी 37 वर्षीय राजेश कुमार का ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में 21 नवंबर को मौत हो गया। मृतक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### करंट से युवक की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा निवासी 41 वर्षीय नजीत कुमार का बिजली करंट लगने से 8 नवंबर को मौत हो गया। नरहरपुर थाना में मर्ग डायरी पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### मनोज कुमार साहू नए डीआरएम

**जगदलपुर।** वाल्टेयर डिवीजन के एडीआरएम (ऑपरेशंस) मनोज कुमार साहू को ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। मनोज कुमार साहू ने वीर सुरेंद्र साई प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बुर्ला से बीई-इलेक्ट्रिकल में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। उत्कल विश्वविद्यालय से पीजीडीएचआरएम और आंध्र विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री हासिल की। मनोज कुमार साहू के पास रेलवे में 26 वर्षों से अधिक का विविध अनुभव है और उन्होंने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे विभिन्न पदों पर कार्य किया है। दक्षिण पूर्व रेलवे और पूर्वी तट रेलवे में ओपन लाइनों और विशाखापत्तनम में रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्होंने सिंगापुर और मलेशिया में एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम में भी भाग लिया है और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद में प्रबंधन कार्यक्रम किया है।

---

शासकीय महाविद्यालय में एनसीसी का 76वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया

# एनसीसी कैडेटों ने आतंकियों पर विजय प्राप्त करने का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

शनिवार को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में 76वां एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन हुआ। समारोह का मुख्य आकर्षण सेक्शन अटैक का प्रदर्शन रहा। कैडेट्स ने सेना में होने वाले युद्ध को रोचक रूप से दिखाया। डायमंड पोजिशन, एलएमजी ग्रुप, एलआर ग्रुप द्वारा सेक्शन फार्मेशन करते हुए आतंकियों पर विजय प्राप्त करते हुए दिखाया गया। समारोह में मॉडल इंग्लिश उमावि धमतरी, नूतन उमावि के कैडेट्स ने संयुक्त रूप से एनसीसी कार्यक्रम में भाग लिया।

एनसीसी दिवस समारोह तय समय 9.30 बजे शुरु हुआ। परेड कमांडर सीनियर अंडर आफिसर वारूणी यदु ने मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा को सलामी दी। इसके बाद सभी कैडेटों ने मार्चपास्ट किया। मुख्य अतिथि ने कैडेट्स को शपथ दिलाई और सेक्शन अटैक का फार्मेशन किया जिसमें सेना ने आतंकियों पर विजय प्राप्त करने, घायल साथी को कंधे पर उठाकर ले जाने का रोचक प्रदर्शन किया। महाविद्यालय एवं स्कूलों के एनसीसी कैडेटों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, मराठी नृत्य, संबलपुरी नृत्य, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।





एनसीसी दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने एनसीसी अधिकारी श्री पटेल को याद करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन पर प्रकाश डाला और प्लाटून और कमांडर को 7 हजार रूपए देकर पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डा.विनोद पाठक ने एकता और अनुशासन को अपने वास्तविक जीवन में संजोए रखने की जरूरत बताई। मॉडल स्कूल की प्राचार्या नीता सालोमन ने एनसीसी कैडेट्स को छात्र जीवन में सत्य निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने को कहा। नूतन स्कूल के प्राचार्य एससी ख्रिष्टी ने एनसीसी कैडेट्स को उत्साहवर्धन के रूप में हमेशा मुस्कुराते हुए जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने को कहा। एनसीसी अधिकारी ले.दिनेश्वर सलाम ने एनसीसी इकाई की स्थापना एवं उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रक्तदान एवं पौधरोपण किया गया। मंच संचालन सीपीएल चंद्रकला गोस्वामी और कैडेट भावेश ने किया।

एनसीसी समारोह कार्यक्रम में रक्तदान, विभिन्न खेलों में प्रथम द्वितीय आने वाले कैडेटों, परेड कमांडर सीनियर, अंडर आफिसर एवं प्लाटून कमांडर को मैडल देकर सम्मानित किया गया। सेकंड आफिसर शेख रमजानी खान ने आभार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। सांप्रदायिक सदभावना रैली, नशामुक्ति जनजागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर जनभागीदारी सदस्य विधायक प्रतिनिधि राकेश मौर्य, भूतपूर्व छात्र प्रतिनिधि अविनाश दुबे, सुभाष चंद्राकर एवं सेकेंड आफिसर बबीता कश्यप, केयर टेकर उदयभान नागराज, महाविद्यालय के अधिकारी एवं एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित थे।

---

# पुलिसकर्मी पर तीन नकाबपोश युवकों ने चाकू से किया हमला



■ घटना नगरी थाना से करीब 500 मीटर दूर हुई, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

एसडीओपी कार्यालय नगरी में पदस्थ एक पुलिसकर्मी पर तीन नकाबपोश युवकों ने चाकू से हमला हमला कर दिया है। इस घटना के बाद खलबली मच गई है। ज्ञात हो कि गैंदराम मरकाम एसडीओपी कार्यालय नगरी में डीएसएफ पद पर पदस्थ हैं। वह ड्यूटी के बाद अपने घर से मोटरसाइकिल से दबगांव जाने के लिये निकला था तभी धमतरी रोड कर्राघाटी मोड़ के पास स्कूटी में सवार तीन लोग अपने मुंह बांधकर आए और चलती मोटरसाइकिल की चाबी निकाल ली और पैसे की डिमांड की। गैंदराम मरकाम ने अपनी जेब में रखे सारे पैसे दे दिए। उसके बाद युवकों ने उसकी जांघ पर चाकू मार दिया। इसके बाद वे फरार हो गए। किस्मत अच्छी थी कि चाकू ज्यादा गहरा अंदर नहीं गया। गैंदराम ने अपने साथियों के साथ नगरी शासकीय अस्पताल पहुंचकर प्राथमिक उपचार कराया। बताया जाता है कि यह घटना नगरी थाना से करीब 500 मीटर दूर हुई है। इस घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। जंगलपारा नगरी में घेराबंदी कर दो आरोपी को पकड़ा गया। वहीं एक आरोपी भाग निकला।

---

# डीसीएच में जटिल बीमारी कोलेडोकलसिस्ट का सफल ऑपरेशन


हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

डीसीएच में एक बार फिर जटिल बीमारी कोलेडोकलसिस्ट का सफल एवं ऐतिहासिक ऑपरेशन हुआ। यहां के विशेषज्ञ डॉक्टरों की बदौलत ऑपरेशन अस्पताल में ही हुआ।

अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संदीप पटौंदा ने बताया कि कोलेडोकलसिस्ट नामक बीमारी का इलाज ऑपरेशन है। धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में कार्यरत डॉ. प्रहर्ष क्लाडियस मेडिकल कॉलेज सीएमसी वेल्लोर से प्रशिक्षित सर्जन हैं।

20 नवम्बर 2024 को कोलेडोकलसिस्ट एक्सिसन प्लस रूएनवाय हेपाटिको-जेजुनॉस्टामी का सफल ऑपरेशन कर धमतरी मसीही अस्पताल और शहर का नाम रोशन किया है। डॉ. प्रहर्ष क्लाडियस द्वारा ऐसा ऑपरेशन करन उनका एक अच्छा व कुशल सर्जन को दर्शाता है।

#### क्या है कोलेडोकलसिस्ट




कोलेडोकलसिस्ट का मतलब है लीवर और पित्ताशय (गाल ब्लैडर) से निकलने वाली पित की नली की सूजन। इस बीमारी में पित्त की नली का कैंसर होने का बड़ा खतरा होता है इसलिए इसे निकालना अनिवार्य होता है। इसके ऑपरेशन में पित्त की नली को गाल ब्लैडर के साथ निकाला जाता है और फिर लीवर को छोटी आंत में एक खास तरीके से जोड़ा जाता है ताकि पित्त का बहाव बना रहे।

#### डॉ. संदीप पटौंदा ने प्रोत्साहित किया : डॉ. प्रहर्ष

इस संबंध में डॉ. प्रहर्ष क्लाडियस का कहना है कि अस्पताल अधीक्षक डॉ. संदीप पटौंदा ने हमेशा अच्छा और अनोखा काम करने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस जटिल ऑपरेशन का पहला श्रेय डॉ. पटौंदा को जाता है। इस उपलब्धि में यहां कार्यरत सीएमसी वेल्लोर से प्रशिक्षित निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. न्योमी मारिएट्टा क्लाडियस, ऑपरेशन थियेटर इंचार्ज रूबिन नाथ, नर्सिंग निश्चेतना व स्टाफ का सहयोग रहा।

---

### भक्त प्रह्लाद एवं दामिनी बने शेडो थानेदार


**नगरी।** माध्यमिक शाला दिनकरपुर के बच्चों ने आयुर्वेदिक औषधालय दुगली का निरीक्षण किया। केकती सेंटर दुगली में महिलाओं द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक हर्बल उत्पाद के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थी भक्त प्रह्लाद एवं दामिनी मरकाम शेडो दुगली थाना प्रभारी बने। उन्होंने थाना के जवानों से विभिन्न शस्त्रों के बारे में जानकारी ली। बंदीगृह देखा। इसमें प्रधानपाठक गोकुल ध्रुव, गजराज ध्रुव, महेश कोसरे का विशेष योगदान रहा।

### भाजपा मंडल मेघा में बूथ समिति का गठन, पुरूषोत्तम अध्यक्ष बने

**मगरलोड।** ग्राम मेघा के बूथ क्रमांक 225 में चुनाव प्रभारी श्याम साहू की उपस्थिति में बैठक कर बूथ समिति का गठन किया गया। सर्वसमिति से पुरुषोत्तम पटेल बूथ अध्यक्ष, दुर्गेशनंदनी ध्रुव महिला प्रमुख, खेमराज पटेल युवा प्रमुख, हेमलेश सोनी मनकी बात प्रमुख, मोहन पटेल स्वच्छता प्रमुख, पूर्णानंद पटेल छह कार्यक्रम प्रमुख, चन्द्रसेन दीपकमल प्रमुख, भुनेश्वर पटेल लाभार्थी प्रमुख, तुलसी निषाद वॉटसप प्रमुख बनाये गये। पूरे 25 सदस्यों की बूथ समिति बनाई गई। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश्वर साहू, पूर्व बूथ अध्यक्ष शिव निषाद , धर्मेन्द्र साहू, अभिनव मेघावाले, श्रीमती संध्या साहू, ललिता साहू, मंडल महामंत्री संतोष सोनी मौजूद थे।

---

# गांव से होकर जाता है विकास का रास्ता : कविता



■ जिपं सभापति कविता बाबर ने खरेंगा में कला मंच निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

ग्राम खरेंगा में चार लाख की लागत से बनने वाले कला मंच का जिपं सभापति कविता बाबर ने भूमिपूजन किया। अपने उद्बोधन में श्रीमती बाबर ने कहा कि किसी भी कार्य का भूमिपूजन होना यह बताता है कि यह ग्राम विकास की एक और कड़ी से जुड़कर प्रगति के रास्ते पर चल पड़ा है। लोगों की मांग पूरी होने से एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हमें भी आत्मसंतुष्टि का बोध होता है। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी जनमानस के प्यार और आशीर्वाद से ही मैं पद पर आसीन हूं। आप लोगों की सेवा करने का अवसर मिल रहा है। मौके पर सरपंच अमरीका ध्रुव, रामखिलावन साहू, तरुण साहू, मोहन साहू, संतोष साहू, प्रकाश साहू, टीकाराम डहरे, पद्मनी साहू, दाऊलाल साहू, राजेंद्र साहू, टेकराम पांडे समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# मितानिनों के समर्पण कार्य को मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

छत्तीसगढ़ महतारी महिला एसोसिएशन द्वारा मितानिन दिवस के उपलक्ष्य में मितानिनों को साड़ी देकर सम्मान किया गया। एक मितानिन के पति का अभी हाल ही में निधन हुआ है। उन्हें साड़ी एवं सहयोग राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड के वृद्ध नागरिक गंगा प्रसाद साहू, विशिष्ट अतिथि मुनीजा हुसैनी, एकता सिंह, शास्त्री सोनवानी, कनक शाह थे। मंच संचालन खिलेश्वर साहू ने किया। मौके पर शमीना अंजुम, भारती साहू, नीरा निर्मलकर समेत वार्डवसी किरण केसरिया, जमुना साहू केवड़ा यादव मौजूद थी।

#### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में मितानिन मुक्ति साहू, हेमिन साहू ,शारदा साहू, माधुरी साहू, कौशल्या नाग, रेशमी पटेल, उर्वशी कुंभकार, अल्का पदमवार, हिम्मत पटेल, विभालता साहू, रेखा निर्मलकर, सावित्री कुंभकार, बबीता, लोकेश्वरी, लता का सम्मान किया गया।

#### बच्चे और मां की सेहत का रखती है ख्याल

मौके पर एसोसियेशन की प्रदेश अध्यक्ष मोहनी साहू ने कहा कि मितानिनों के समर्पण का सम्मान किया गया। मितानिन लोगों की सेवा में दिन-रात तत्पर रहती है। संघर्षपूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करती है। बच्चे और मां की सेहत को लेकर हमेशा जागरूक रहती है।

---

# भगवान काल भैरवनाथ का जन्मोत्सव मना




हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

इतवारी बाजार स्थित भगवान काल भैरवनाथ का जन्मोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। बता दें कि भगवान काल भैरवनाथ को धमतरी का कोतवाल भी कहा जाता है जो रात में नगरवासियों की रक्षा करता है। रात में भगवान शहर का भ्रमण कर अनिष्ट शक्तियों का विनाश करता है। सच्चे मन से मांगी गई मुराद भगवान जरूर पूरा करता है।

मंदिर ट्रष्ट अध्यक्ष दिग्विजयसिंह कृदत्त, महासचिव सूरज तिवारी, मीडिया प्रभारी विक्रांत शर्मा, डा.एनपी गुप्ता, विनीत गुप्ता, अशोक पवार, राजेंद्र श्रोती, सुदर्शन गुप्ता, अभिमन्यु सिंह, प्रदीप गुप्ता, भूरा ग्वाल, संतोष सोनी ने बताया कि धमतरी में स्थापित भगवान काल भैरवनाथ की प्रतिमा और मंदिर 1100 साल पुराना है। यह मंदिर देश के 52 भैरव मंदिरों में से एक है। दर्शन पूजन करने मात्र से ही तीर्थस्थलों का पुण्य प्राप्त होता है। यह मंदिर किले के श्रीराम मंदिर के ठीक सामने है। प्रतिमा का अभिषेक सरसों तेल से किया जाता है। जन्मोत्सव का कार्यक्रम श्रीरामचंद्र मंदिर न्यास द्वारा आयोजित किया जाता है। शुक्रवार को जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान काल भैरवनाथ की सुबह विशेष पूजा अर्चना, आरती व हवन पूजा, अभिषेक किया गया। पुजारी अभिषेक शर्मा द्वारा विधि- विधान से पूजा कराई गई। इसके बाद प्रसादी वितरण और भंडारा का आयोजन किया गया।

---

### महापौर ने मितानिनों का किया सम्मान



**धमतरी।** मितानिन दिवस पर महापौर विजय देवांगन ने मितानिनों को श्रीफल, शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि मितानिनें ग्रामीण, शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ होती हैं। वे स्वास्थ्य से जुड़ी कई सेवाएं देती हैं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)




डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

---

अभाविप छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान कर रही

# धमतरी नगर की छात्राएं सीख रहीं आत्मरक्षा के गुर




हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिले के विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। 19 नवंबर को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर अभाविप देशभर के साथ-साथ नेपाल में भी मिशन साहसी जैसे कार्यक्रम आयोजित करती है। धमतरी जिले में अभाविप द्वारा यह आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर 18 नवंबर से प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम के अतिथि डीएसपी नेहा पवार ने छात्राओं को आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रेरणादायक बातें कही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह गौरव नगर ने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए। अभाविप द्वारा आयोजित यह शिविर न केवल छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने का एक प्रयास है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का एक कदम भी है।

अभाविप के जिला संयोजक गजेंद्र जांगड़े ने बताया कि विद्यार्थी हित में एबीवीपी समय-समय पर विभिन्न परिसरों में आंदोलन, प्रदर्शन और कार्यक्रम आयोजित करती है, जो परिस्थितियों और समाज की आवश्यकता पर आधारित होते हैं। जब देश को झकझोर कर देने वाली घटनाएं याद आती हैं, तब यह और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि बहनों को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षा में सक्षम बनाया जाए।

अभाविप धमतरी की हॉस्टल छात्रा प्रमुख जागृति गायकवाड़ ने कहा कि आज भी देश के कई हिस्सों में महिलाओं के साथ दुष्कर्म और अत्याचार की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में अभाविप पूरे देश में छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। यह कदम बहनों को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का एहसास दिलाता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411